खबर संक्षेप

## एसआईआर मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान की बड़ी बैठक: 100 फीसदी लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

**मैहर।** नगर पालिका परिषद के सभागार में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विधायक चतुर्वेदी ने इस अभियान को राष्ट्रीय महत्व का बताते हुए कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि मैहर शहर में इस अभियान की प्रगति ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में धीमी है,इसलिए इसे और तेज़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए कि समय सीमा के भीतर 100 प्रतिशत लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए। विधायक ने ज़ोर दिया कि प्रत्येक मतदाता के लिए सूची में अपना नाम सत्यापित कराना अनिवार्य है,और बीएलओ द्वारा वितरित किए गए गणना पत्रक भरकर जमा करना मतदाताओं का कर्तव्य है। उन्होंने सभी से इस पवित्र कार्य में पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। बैठक में एसआईआर से जुड़े अधिकारी,कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे,जिनमें सत्यभान पटेल,सचिन मिश्रा,आदित्य नारायण शुक्ला,विनोद चौरसिया,इंजीनियर वनस्पति पांडे,राहुल पटेल,प्रवीण तिवारी, आकाश अग्रवाल,प्रवीण तिवारी,बालेंद्र पांडे सहित कई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एसआईआर लोकतंत्र की सुरक्षा का महत्वपूर्ण अभियान: हितानंद

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सतना जिला कार्यालय में एस आई आर (संक्षिप्त पुनरीक्षण) बैठक को संबोधित करते हुए इसे लोकतंत्र की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान बताया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा के साथ इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। श्री हितानंद ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर यह सुनिश्चित करना है कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा और परिवार में शामिल हुए नए सदस्यों के नाम सूची में सही तरीके से जुड़ें,और किसी भी वास्तविक मतदाता को परेशानी न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर अभियान मतदाता सूची को स्वच्छ,शुद्ध और विश्वसनीय बनाने का माध्यम है,नाम हटाने का अभियान बिल्कुल नहीं है। कार्यकर्ताओं को भ्रम फैलाने वालों को तथ्यात्मक जानकारी के साथ जवाब देना चाहिए। यह अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा,और कार्यकर्ताओं को पूरी तत्परता से कार्य में जुटना है। इस दौरान रीवा संभाग प्रभारी विजय दुबे,जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय सहित कई विधायक और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्र परिषद द्वारा 'रंग भरो प्रतियोगिता' का वृहद आयोजन

**मैहर।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था छात्र परिषद द्वारा लगातार ग्यारहवें वर्ष 'रंग भरो प्रतियोगिता' का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया। यह संस्था विद्यार्थियों के बौद्धिक,कलात्मक और सृजनात्मक विकास के लिए जानी जाती है। यह प्रतियोगिता नगर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में संपन्न हुई, जिसमें हजारों की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

# खेरमाई रोड बना 'जाम का जंजाल', प्रशासन बेखबर!



सतना। शहर के सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक खेरमाई रोड अब यात्रियों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं है। इस महत्वपूर्ण सड़क पर हर दिन लगने वाला लंबा जाम और सड़क की बदहाल स्थिति अब 'आम बात' हो चुकी है,जिससे स्थानीय नागरिक और राहगीर बुरी तरह त्रस्त हैं।

सड़क में जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढे समस्या की मुख्य जड़ हैं। ये गड्ढे इतने गहरे हैं कि इनमें फँसकर अक्सर वाहन खराब हो जाते हैं,जिससे यातायात पूरी तरह ठप्प पड़ जाता है। अमूल पैथोलॉजी के पास का बड़ा गड्ढा इसका जीता जागता उदाहरण है,और इसके अलावा भी कई जगह सड़क टूटी हुई है। स्थिति को और बदतर बनाने में दुकानदारों का अतिक्रमण भी जिम्मेदार है। दुकानदारों द्वारा अपना सामान सड़क तक फैला दिए जाने के कारण,पहले से ही संकरी यह सड़क और भी सिकुड़ जाती है। नतीजा यह होता है कि जब एक साथ कई वाहनों का आवागमन होता है,तो बार-बार जाम लग जाता है और लोगों को घंटों परेशान होना पड़ता है।हैरानी की बात तो यह है कि सड़क की मरम्मत करने की बजाय,एक स्थान पर खराब सड़क के ऊपर 'चट्टाननुमा बड़ा पत्थर' रख दिया गया



है। इस गैर-जिम्मेदाराना कदम से सड़क और संकरी हो गई है,जिससे वाहनों को पतली सी जगह से गुजरना पड़ता है,और जाम की स्थिति विकट हो जाती है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जिला प्रशासन के अधिकारी और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर आँखें मूंदे बैठे हैं। जनता की इस रोजमर्रा की परेशानी को नजरअंदाज करना,अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाता है। खेरमाई रोड की यह दुर्दशा न केवल यातायात को बाधित कर रही है,बल्कि कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। नगर निगम को तुरंत इस अतिक्रमण को हटाकर और जानलेवा गड्ढों की मरम्मत करके स्थिति को सामान्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

# चितहरा मोड़ में ट्रैक्टर की टक्कर से पलटा ऑटो, कई घायल





**सतना।** मझगवां थाना क्षेत्र के चितहरा मोड़ के समीप शनिवार को एक भयंकर सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो में सवार कई यात्री घायल हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार,टक्कर मारने वाला स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर चितहरा निवासी शैल कुशवाहा का बताया जा रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए मझगवां अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे से क्षेत्र में कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा।

# टीपी जारी, ओवर लोडिंग बेशर्म! सतना में 'माइनिंग माफिया' का तांडव, प्रशासन मौन

**सतना।** विंध्य क्षेत्र में खनिज संपदा की लूट और उसके अवैध परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सतना जिले में माइनिंग माफिया खुलेआम कानून को चुनौती दे रहा है,जिसका सबसे बड़ा प्रमाण है 'ओवरलोडिंग' का बेशर्मी भरा खेल। परिवहन विभाग के ट्रांजिट परमिट (टीपी) जारी होने के बावजूद,बालू (रेत/गिट्टी) से लदे ट्रक क्षमता से कई गुना अधिक लोड लेकर सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि माफिया राज के सामने जिला प्रशासन,पुलिस और खनिज विभाग ने पूरी तरह से घुटने टेक दिए हैं।

### टीपी एक, लोड दो

अवैध परिवहन का यह दुस्साहस भियामउ ग्राम पंचायत स्थित क्रेशर प्लांटों से शुरू होता है। यहां से लगातार ओवरलोड बालू से भरे ट्रकों का निकलना जारी है। सूत्रों के अनुसार,इन ट्रकों के लिए टीपी (ट्रांजिट परमिट) विधिवत जारी की जाती है,जिसका सीधा अर्थ है कि कागजों में



परिवहन वैध है। लेकिन,सड़कों पर दृश्य एकदम उलट है-ट्रक भयंकर रूप से ओवरलोड हैं। नियमानुसार,टीपी के बावजूद ओवरलोडिंग एक गंभीर अपराध है,जो न सिर्फ़ सरकार को राजस्व की भारी हानि पहुंचाता है,बल्कि सड़कों को भी बर्बाद कर देता है। ये ओवरलोड ट्रक भियामउ से टीपी का दुरुपयोग करते हुए लंबी दूरी तय कर सिंगरौली जैसे बड़े गंतव्यों के लिए रवाना हो रहे हैं। यह सांठगांठ का खुला प्रमाण है जहां टीपी को केवल एक औपचारिकता बना दिया गया है।

### खुदाई के हॉट स्पॉट: माफिया की जड़ें गहरी

अवैध खनिज खुदाई का यह खेल सतना के दूर-दराज के इलाकों तक फैला हुआ है। परसमनिया पठार, नागौद, सिंहपुर, मझगवा, चित्रकूट,कोठी, कोटर, सगमनिया जैसे क्षेत्रों में बेखौफ अवैध खुदाई और परिवहन का गोरखधंधा धड़ल्ले से जारी है। माफिया ने इन सभी स्थानों पर अपनी जड़ें जमा ली हैं। स्थानीय प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस कारोबार पर कोई प्रभावी नकेल नहीं कसी जा रही है,जिससे यह स्पष्ट होता है कि या तो अधिकारियों की मिलीभगत है या फिर वे माफिया के दबाव में पूरी तरह से लाचार हो चुके हैं। ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। यदि प्रशासन तत्काल प्रभाव से इन क्रेशर प्लांटों की जाँच नहीं करता और ओवरलोडिंग के साथ टीपी जारी करने वाले पूरे तंत्र की उच्च-स्तरीय जांच नहीं करता,तो सतना की खनिज संपदा की यह खुली लूट जारी रहेगी।

# अवैध शराब का परिवहन करते 2 आरोपी गिरफ्तार, 8.30 लाख का माल जब्त

सतना। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन पर,और प्रेमलाल कुर्वे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) तथा एसडीओपी रघु केशरी नागौद के मार्गदर्शन में,थाना कोठी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी कोठी,प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी और उनकी टीम ने अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की महिन्द्रा कार (क्र. MP53CA5457) से दो व्यक्ति अवैध शराब का परिवहन कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम ने तत्काल नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान,महिन्द्रा कार को रोककर चेक किया गया। वाहन में बैठे चालक और एक अन्य व्यक्ति के समक्ष वाहन की तलाशी ली गई,जिसमें कुल 61 लीटर अवैध देशी एवं



विदेशी मदिरा जब्त की गई।

पुलिस ने तत्काल वैधानिक कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और उन्हें माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

अकलेश कुशवाहा, पिता बाबूलाल कुशवाहा,उम्र 35 वर्ष,निवासी रमपुरा,थाना कोठी अमित कुशवाहा, पिता रामप्रताप कुशवाहा,उम्र 20 वर्ष,निवासी रमपुरा,थाना कोठी है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोठी के साथ प्र.आर. प्रमोद तिवारी,देवेन्द्र सेन,भूपेन्द्र सिंह,आर.रामनरेश बैगा,रिकू जाटव और कुलदीप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वार्ड 8 में ठेकेदार की मनमानी, घटिया निर्माण से पब्लिक शौचालय पर सवाल, वार्डवासियों में आक्रोश



**मैहर।** शहर में स्वच्छता सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 8 में बनाए जा रहे पब्लिक शौचालय के घटिया निर्माण को लेकर वार्डवासियों में भारी आक्रोश है। वार्ड वासियों ने शिकायत की है कि नगर पालिका की निगरानी में हो रहे इस निर्माण में नियमों,मानकों और गुणवत्ता को अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी शौचालय का बेस बनाने में ही डस्ट (मुरुम या राख़) का उपयोग किया जा रहा है,जिससे आगे के निर्माण की गुणवत्ता का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। वार्डवासियों के अनुसार,सतना निवासी शैलेंद्र सिंह ठेकेदार को यह कार्य सौंपा गया है,जो अपनी मनमर्जी से गुणवत्ता की अनदेखी कर रहा है।आरोप है कि ठेकेदार मटेरियल से लेकर लेबर तक की बचत करके घटिया निर्माण कर रहा है। वार्डवासियों ने सीएमओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए,बन रहे इस घटिया शौचालय की तुरंत जांच की मांग की है।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के समाज कार्य के विद्यार्थियों ने किया अकादमिक भ्रमण



**सतना।** चित्रकूट महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे समाज कार्य पाठयक्रम के विद्यार्थियों ने मातृ छाया सतना और सेवा भारती, सतना (बच्चों के कल्याणार्थ सँस्था) का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने वहां की गतिविधियों के साथ सँबधित कानूनी प्रक्रिया को भी समझा। कार्यक्रम संयोजक डॉ अजय आर चौरे ने बताया कि कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की प्रेरणा से उत्साहित विद्यार्थियों के दल ने दोनों संस्थाओं का भ्रमण कर संचालित कार्यों का विस्तार से अवलोकन किया। भ्रमण के समय सँस्था के लोगों ने बताया कि यहाँ छः वर्ष की उम्र तक के बच्चों को ही रखा जाता है तत्पश्चात उन्हें कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से 7 से 18 वर्ष वाली सँस्थाओ में भेज दिया जाता है। सँस्था में दत्तक ग्रहण एवँ प्रतिपालक देखभाल की प्रक्रिया भी की जाती है। यहां से दत्तक ग्रहण में कई बच्चे विदेशी दम्पतियाँ एवं भारतीय दँपतियो व्दारा गोद लिए जा चुके है। कुछ अभी प्रक्रिया में है। सम्पूर्ण स्टाफ बच्चों से मातृ तुल्य व्यवहार करता है।मानवता एवँ सँवेदनाएँ यहां महसूस की जा सकती हैं इसी क्रम में विद्यार्थियों ने सुधारात्मक प्रशासन के अँतर्गत कारागर परिसर सतना का भी भ्रमण किया।

## गुंडा निगरानी: कोतवाली पुलिस ने 14 बदमाशों की ली परेड, जुटाए महत्वपूर्ण डोजियर



**सतना।** कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में थाना कोतवाली पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के गुंडा निगरानी बदमाशों की परेड का आयोजन किया,जिसमें करीब 14 बदमाश उपस्थित हुए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सभी उपस्थित बदमाशों की गुजर-बसर (आजीविका) की विस्तार से जांच की। इसके साथ ही,उनकी गतिविधियों पर पैनी नज़र रखने के लिए उनके मोबाइल नंबर,बैंक अकाउंट और आधार नंबर की जानकारी को जांच फ़ाइल में दर्ज किया गया। समस्त जानकारी को अद्यतन करते हुए,सभी 14 बदमाशों के डोजियर (आपराधिक रिकॉर्ड फ़ाइल) को पूरी तरह से कंप्लीट किया गया है। पुलिस का यह कदम अपराधियों की वर्तमान स्थिति और आर्थिक स्त्रोतों की निगरानी में सहायक होगा,जिससे क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेला गुनौर में सुनहरा अवसर

**गुनौर।** गुनौर क्षेत्र बेरोजगार एवं उनके लिए बड़ी खुशखबरी दिनांक 25 नवंबर 2025 को सुबह 11:00 से दोपहर 3:00 बजे तक शासकीय आईटीआई गुनौर में जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है इस मेले में 13 प्रतिष्ठित कंपनिया इंडस्ट्री भाग ले रही है जहाँ युवाओं को रोजगार स्वरोजगार एवं ऑपरेटिंसशिप के अवसर मिलेगे पात्र अभ्यर्थी 10वीं 12वीं पुरुष एवं महिला आईटीआई सभी ट्रेड बीएसईबी कॉम ड.ब्वउ शामिल हो सकते है न्यूनतम आयु 18 वर्ष से अधिकतम आयु कोई सीमा नहीं मेला की विशेषताएं अवसर लाभ रोजगार कंपनियां द्वारा सीधा चयन स्वरोजगार प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन ऑपरेटिंग ऑपरेटिंसशिप स्टाइपेंड अनुभव कुल 13 कंपनियों इंडस्ट्री उपस्थिति रहेगी 8000 से 25300 प्रतिमाह स्टाइपेड चयन साक्षात्कार द्वारा किया जाएगा जरूरी दस्तावेज लाए आधार कार्ड शैक्षणिक प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो बैंक पासबुक यदि उपलब्ध हो बायोडाटा रिज्यूमे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य क्यूआर कोड के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करें विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा का संदेश इस अवसर सिर्फ नौकरी का नहीं अपने सपनों का साकार करने का समय है गुरूर की हर युवा को इस मेले में शामिल होना चाहिए।

### रामखिलावन सिंह लोधी को सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**पन्ना।** पन्ना जिले के गुनौर विधानसभा की ग्राम छापरवारा में "आज हम सब अत्यंत दुःखी मन से यहाँ एक महान नेतृत्वकर्ता, लोधी समाज के गौरव, और लोधी क्रांति सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामखिलावन सिंह लोधी जी को सैकड़ों लोगों ने अर्पित की श्रद्धांजलि। रामखिलावन सिंह लोधी जी न केवल संगठन के अध्यक्ष थे, बल्कि हमारे मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और समाज उत्थान के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले एक सच्चे कर्मयोगी थे। उनके नेतृत्व में संगठन ने कई महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य किए, समाज को जोड़ने के प्रयास किए और युवाओं को दिशा देने का काम किया। उनका सरल स्वभाव, स्पष्ट दृष्टिकोण और समाज के लिए समर्पणकृये सभी गुण उन्हें एक असाधारण व्यक्तित्व बनाते थे। आज उनका हमारे बीच न होना एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं। हम प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और परिवार सहित पूरे संगठन को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्राप्त हो। रामखिलावन सिंह लोधी जी अमर रहे। उनकी विचारधारा, उनका संघर्ष और उनका स्नेहकृहमेशा हमें प्रेरित करता रहेगा।" आज समस्त टीम के साथ छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। जिसमें सागर जिले की टीम प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री धन सिंह लोधी संभागीय अध्यक्ष रामनिवास सिंह लोधी नरेंद्र सिंह लोधी सुजान सिंह लोधी बलवंत सिंह लोधी, कटनी जिले से इंद्र कुमार सिंह लोधी पहलाद सिंह लोधी भारत सिंह लोधी राजेश सिंह लोधी सतना जिले से श्री अमरनाथ दादा जी दशरथ सिंह लोधी जी लोकेश कुमार लोधी जी पन्ना जिले से एडवोकेट आनंद सिंह लोधी अरुण लोधी बद्री प्रसाद देशराज जी एवं समस्त पन्ना जिले की टीम एवं रिश्तेदार श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। जिसमें सागर जिले की टीम प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री धन सिंह लोधी संभागीय अध्यक्ष रामनिवास सिंह लोधी नरेंद्र सिंह लोधी सुजान सिंह लोधी बलवंत सिंह लोधी, कटनी जिले से इंद्र कुमार सिंह लोधी पहलाद सिंह लोधी भारत सिंह लोधी राजेश सिंह लोधी सतना जिले से श्री अमरनाथ दादा जी दशरथ सिंह लोधी जी लोकेश कुमार लोधी जी पन्ना जिले से एडवोकेट आनंद सिंह लोधी अरुण लोधी बद्री प्रसाद देशराज जी एवं समस्त पन्ना जिले की टीम एवं रिश्तेदार शामिल हुई।

# डायमण्ड चौक से लेकर मदर टरेसा हॉस्पिटल तक जे.के. सीमेन्ट कम्पनी ने सड़क में जहां सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यातायात नियमों को लेकर लोगों को किया प्रेरित



नगर के मुख्य सड़क जो पन्ना-छतरपुर की ओर जाती है जिसमें डायमण्ड चौक से लेकर मदर टरेसा हॉस्पिटल तक सड़क के मध्य डिवाडर तथा पौधारोपण वहीं विद्युत पोल आधुनिक लाईटिंग से सड़क को किया रोषन वहीं जे.के. सीमेन्ट कम्पनी अपने साथ-साथ यातायात नियमों को लेकर लोगों के लिए कर रही जागरूक।

**पन्ना।** नगर में जहां आवागमन का मार्ग ही नगर की सुदंरता को बयां करता है। पहली बार डायमण्ड चौक से लेकर मदर टरेसा हॉस्पिटल तक जे.के. सीमेन्ट कम्पनी द्वारा जहां सड़क के सौंदर्यीकरण को लेकर डिवाइडर तथा पौधारोपण करते हुए पर्यावरण का भी रखा ख्याल वहीं विद्युत पोल आधुनिक लाईटिंग से सड़क को किया रोषन। इतना ही नहीं सड़क में चलने वाले लोगों को अपनी कम्पनी के माध्यम से जहां यातायात नियमों को लेकर भी प्रेरणा देने को लेकर संकेत के रूप में वर्तमान समय में जो आवष्यक है बयां किया जा रहा है। जे.के. सीमेन्ट कम्पनी ने इस कार्य को बाखूबी पन्ना नगर की सुदंरता को लेकर मुख्य मार्ग में ही जहां आवागमन को लेकर सड़क के सौंदर्यीकरण का जो कार्य किया है निष्चितौर पर पन्ना नगर की सान के लिए यह सड़क अलग ही बयां होने लगी। गौरतलब बात यह है कि जे.के. सीमेन्ट कम्पनी ने जहां एक मिषाल कायम की है इस सड़क में जो आधुनिक रूप से सौंदर्यीकरण को लेकर जो प्रयास किये गये वहीं स्वयं की छवि के साथ-साथ नगर की सुंदरता वहीं पर्यावरण का ख्याल साथ-साथ आधुनिक लाईटिंग स्वयं कम्पनी के नाम के साथ-साथ जहां यातायात के नियमों का ख्याल रखने हेतु जो वाहन चालको के लिए संदेष दिया जा रहा है वह अपने आप में कहीं न कहीं सड़क में होने वाली दुघर्टनाओं को रोकने के लिए भी आवष्यक माना जा रहा है। यानि की



जहां सौंदर्यीकरण के साथ-साथ आवागमन में यातायात नियमों का पालन करने को लेकर अपनी यात्रा सुखमय तरीके से सम्पन्न करें। वहीं पन्ना की चमक इस सड़क से ही अलग ही शाम होते ही अलग नजर आने लगी। इस कार्य को पूर्ण कराने में जहां कार्य एजेन्सी के द्वारा बाखूबी उत्तरदायित्वों का निर्वाहन सुरक्षा के साथ समय का ख्याल रखते हुए किया गया है। जिस तरह से इस निर्माण कार्य में भावी भविष्य को ध्यान में रखकर सड़क के मध्य वृक्षारोपण जो किया गया है वहीं इन पौधों की सुरक्षा का ख्याल भी रखने के लिए भी कार्य किया गया जो आने वाले समय में इसकी शान दुगनी करेगें। एक तरफ हरियाली तो दूसरी तरफ फूलों के द्वारा महक व सुंदरता जानी जायेगी।

## जिनका समय पर कार्य एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची को लेकर किया गया उन्हें सम्मान से नवाजा गया, जिनकी लारवाही उन्हें निलंबित भी होना पड़ा, कलेक्टर की कार्यप्रणाली स्वमेव चर्चा में




**जिला प्रशासन की मुखिया कलेक्टर श्रीमती ऊषा सिंह परमार ने जो जिले में कहीं न कहीं अपनी सोच से प्रषासन के जिम्मेदारों को दिषा दी है। उससे कार्य करने वालों में हौसला अफजाई वहीं जिन्हें लापरवाही को लेकर कार्य करने की आदत उन्हें सुधारने के लिए कार्यवाही अपने आप में कहीं न कहीं यह कार्यप्रणाली सभी के लिए बनी संदेष।**

**पन्ना।** कलेक्टर श्रीमती ऊषा सिंह परमार ने जहां अपनी कार्यप्रणाली को सीधेतौर पर एक संदेष के रूप में प्रेरणा दी। मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण एसआईआर का जो कार्य चल रहा हैं इसमें जिन बीएलओ ने बेहतर कार्य समय के साथ किया उन्हें सम्मान से नवाजा गया। वहीं जिसने लापरवाही की उसे निलंबित भी किया गया। इस तरह की कार्यप्रणाली से जहां कार्य करने वालों का हौंसला भी उनके सम्मान को लेकर सदैव जाना जायेगा। वहीं जो लापरवाही को लेकर अपनी आदत शासकीय कार्य में बनाये रखते है उन्हें भी यह एक संदेष जरूर है। जिनके खिलाफ निलंबित जैसी कार्यवाही भी की जाती है। यही जिला प्रषासन के मुखिया का न्याय की जो कार्यप्रणाली है वह सदैव के लिए प्रेरणा देने को लेकर जानी जायेगी। जिले में प्रषासन में निष्चितौर पर समय के साथ कार्य करने को लेकर जिम्मेदारों को सजग करने के लिए भी यह एक संदेष जिस तरह से यहां समय की मांग जिम्मेदारी के साथ शासकीय कार्यों को करने को लेकर माना जा रहा है। जिस तरह से जिले की मुखिया ने कड़ा रूख अपनाते हुए निलंबन जैसी कार्यवाही तो की है वहीं जिन्होंने समय का ख्याल रखते हुए समय से पूर्व कार्य किये उन्हें सम्मान से नवाजा गया है। वह निष्चित ही कर्तव्य परायण की भूमिका को लेकर सदैव अपने कार्यों के लिए जाने जायेगें। कार्य ही पूजा है यह यहां चरित्रार्थ होता है जिस तरह से कलेक्टर श्रीमती ऊषा सिंह परमार ने चार बीएलओ को सम्मान से नवाजा है जिनके लिए ये पल सदैव के लिए यादगार के रूप में जाने तो जायेगें तो वहीं दूसरों के लिए भी यह संदेष साफतौर पर अनुकर्णीय माना जा रहा है। जो कार्य समय पर करेगें जिम्मेदारी के साथ करेगें उन्हें सम्मान भी मिलता है जो लापरवाही करते है उन्हें कार्यवाही का षिकार भी होना पड़ता है। आखिर यह न्याय परख सिंद्धांत जो आवष्यक ही आना जाता है। जिससे कहीं न कहीं कार्य करने वालों में एक अलग ही मिषाल कायम होती है। सदैव जो जिम्मेदारी के साथ कार्य करते है उनके लिए सम्मान भी यहां मिलता है। जो जिला प्रषासन की मुखिया ने अपनी कार्यप्रणाली को अंजाम देकर साबित किया है।

# आदर्श ग्राम पंचायत शाहनगर में वार्षिक चंडी देवी मेले का हो रहा भव्य आयोजन

**शाहनगर।** आदर्श ग्राम पंचायत शाहनगर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक चंडी देवी मेला धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के तत्वाधान में मेले के सफल संचालन हेतु एक कार्यसमिति का गठन किया गया है, जो संपूर्ण व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सँभाल रही है। ग्राम पंचायत सरपंच मनोज कुमार जैन एवं पंचायत सचिव कुलभूषण चतुर्वेदी मेले के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम की तैनाती की गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मेले में मौजूद है। साथ ही आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए




पार्किंग व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएँ भी ग्राम पंचायत द्वारा सुनिश्चित की गई हैं। आपको बता दें पिछले तीन वर्ष से संदीपनी उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के निर्माण कार्य के चलते मेला बोरी रोड स्थित निजी भूमि पर आयोजित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत प्रशाशन से साप्ताहिक बाजार एवं मेले के लिए भूमि चिन्हित किए जाने की मांग कर रही है जो प्रशासनिक कारणों के चलते काफी दिनों से लंबित है यह मेला 7 दिवसीय आयोजित हो रहा है आसपास के ग्रामों से बच्चे बूढ़े महिलाएं और बुजुर्ग सभी भारी संख्या में उपस्थित हो रहे हैं।

## भीषण ठंड में भी जलसंकट के हालात

**नगर परिषद गुनौर का मामला, आधा दर्जन वार्डों में तीन माह से पानी सप्लाई ठप, परेशान जनता**

**गुनौर** – कड़ाके की ठंड के बीच भी गुनौर नगर परिषद की पेयजल व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। नगर के वार्ड क्रमांक 2, 3, 6, 7, 8, 13 और वार्ड 15 में पिछले तीन माह से पानी सप्लाई ठप है। स्थिति यह है कि मजबूरी में लोगों को भूखे बच्चों को छोड़कर सुबह-सुबह ही दूर-दूर तक पानी के बर्तनों के साथ जाना पड़ रहा है।

**टैंकर भी अनियमित – मोटरें खराब, पाइप लाइन जाम**

स्थानीय निवासियों ने बताया कि जल प्रदाय योजना के तहत बिछाई गई मोटरें महीनों से खराब पड़ी हैं। पाइपलाइन में लीकेज और ब्लॉकेज होने से सप्लाई बंद है। शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार समाधान नहीं कर रहे। लोगों ने कहा कि टैंकर भी समय पर नहीं आते, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

**वार्डों से उठी पीड़ा – नागरिकों ने जताई नाराजगी**

रामपाल आदिवासी, वार्ड 15

"पेयजल के लिए कई बार नगर परिषद से शिकायत की लेकिन ठंड में भी तीन-तीन किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है। अगर समय पर समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।"

**माया रेखवार, वार्ड क्रमांक 8**

"सुबह 4 बजे ही लाइन लगाना पड़ती है। महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रशासन मौन है, हम थक चुके हैं।"

**देवेन्द्र सिंह यादव, वार्ड क्रमांक 6–**

"जल संकट की चर्चा सभागार तक पहुंची, लेकिन समाधान नहीं। वार्डों में न टैंकर भेजे जा रहे हैं और न पाइपलाइन ठीक की जा रही।"

**ज्योति पटेल, वार्ड क्रमांक 9–**

"मोटर खराब है, टैंकर नहीं आता, शिकायतों का कोई जवाब नहीं। जलापूर्ति चालू नहीं हुई तो हम बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे।"

**जनता का सवाल- आखिर कब होगा समाधान?**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद के गैरजिम्मेदार रवैये ने हालात बिगाड़ दिए हैं। यदि तीन माह में समस्या का समाधान नहीं हो सका तो आगे कितनी देर लगेगी? लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जलापूर्ति व्यवस्था तत्काल बहाल की जाए, वरना विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# प्रदेश महामंत्री और खजुराहो सांसद का मंडल संगठन अमानगंज ने किया जोरदार स्वागत

**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी मंडल संगठन अमानगंज के पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज नगर के गांधी चौक पर पार्टी संगठन के पदाधिकारीयो संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश संगठन के महामंत्री गौरव द्विवेदी इसके पूर्व खजुराहो सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा जी का भारी आतिशबाजी और ढोल नगाड़ा के साथ स्वागत किया इस मौके पर मंडल संगठन के अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक ने स्वागत करते हुए शाल श्रीफल उपहार स्वरूप भेंट किया इस मौके पर जिला संगठन के अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा मौके पर मौजूद रहे। महामंत्री प्रदेश संगठन से मंडल अध्यक्ष द्वारा पार्टी के विभिन्न नेताओं का परिचय मौके पर कराया गया। आयोजन में मुख्य रूप से मस्तराम राजपूत पार्षद मुकेश चौबे महामंत्री राजा प्रजापति उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी अरविंद दुबे आनंद सिंह राजपूत मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा रामू सोनी, अमित चंनपुरिया सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पन्ना टाइगर रिजर्व में खुशी का माहौल



### हथनी अनारकली ने दिए एक साथ दो बच्चों को जन्म

**पन्ना।** बाघों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिज़र्व में बाघों के साथ-साथ हांथियों का कुनबा भी बढ़ रहा है। यहाँ की हथिनी अनारकली ने एक साथ दो मादा बच्चों को जन्म दिया है। आमतौर पर हथिनी एक ही बच्चे को जन्म देती है, पन्ना टाइगर रिज़र्व के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी हथिनी ने तक़रीबन 3 घण्टे के अंतराल में दो बच्चों को जन्म दिया है। इन नन्हे मेहमानों के आने से पन्ना टाइगर रिज़र्व में खुशी का माहौल है। इन नये मेहमानों के आने के साथ ही पीटीआर में हांथियों का कुनबा बढ़कर 21 हो गया है। वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हथिनी अनारकली ( 57 वर्ष ) ने शुक्रवार को दोपहर 2.20 बजे खैरईया में अपने पहले बच्चे को जन्म दिया। जन्म देने के उपरांत हथिनी नन्हे बच्चे को वहां से लेकर हिनौता हांथी कैम्प पहुंची और यहाँ पर शाम 5.50 बजे दूसरे बच्चे को जन्म दिया। दोनों नवजात बच्चे व मां पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि इसके पूर्व उन्होंने न तो कहीं देखा और न ही सुना कि किसी हथिनी ने एक साथ दो बच्चों को जन्म दिया है। पन्ना में यह अजूबा पहली बार देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि हथिनी व उसके नन्हे शिशु की समुचित देखरेख तथा विशेष भोजन की व्यवस्था की जा रही है। हथिनी को दलिया, गुड, गन्ना तथा शुद्ध घी से निर्मित लड्डू खिलाये जा रहे हैं ताकि दोनों नन्हे शिशुओं को पर्याप्त दूध मिल सके। हथनी व उसके शिशुओं की देखरेख व निगरानी के लिए स्टाफ की तैनाती की गई है। गौरतलब है कि पन्ना टाईगर रिजर्व में वनराज व गजराज दोनों के ही कुनबे में वृद्धि हो रही है, जो निश्चित ही प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से एक शुभ संकेत है।

# कलेक्टर ने गुनौर विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण



### सतत मॉनिटरिंग एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शनिवार को गुनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का भ्रमण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ के साथ एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर समस्त कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सलेहा में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। इसलिए अपने पदीय दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें तथा अधिकारी नियमित रूप से कार्य में प्रगति की मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। इस संबंध में प्रतिदिवस प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी होगी।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने देवेन्द्रनगर एवं अमानगंज सहित अन्य स्थानों पर भ्रमण के जरिए आम नागरिकों एवं मतदाताओं से चर्चा कर गणना प्रपत्र वितरण के संबंध में जानकारी ली और बीएलओ को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। इस दौरान गणना प्रपत्रों के वितरण के पश्चात किए जा रहे डिजिटाईजेशन कार्य का भी परीक्षण किया। साथ ही तहसील कार्यालयों में स्थापित हेल्पडेस्क का निरीक्षण कर मतदाताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने मैप्ड डाटा के डिजिटाईजेशन पर विशेष फोकस करने तथा अपेक्षित प्रगति दर्ज न होने की स्थिति में अविलंब सुधारात्मक उपाय के लिए भी कहा। कलेक्टर ने बालिका छात्रावास अमानगंज, शासकीय कन्या हाईस्कूल महेबा और विभिन्न मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर एसडीएम अनिल तलैया, तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय, ममता मिश्रा एवं ज्योति राजपूत भी उपस्थित रहीं।



### उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ का सम्मान

कलेक्टर श्रीमती परमार ने निरीक्षण के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान पर देवेन्द्रनगर तहसील के तीन बीएलओ का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान भी किया। इनमें बीएलओ सुशील कुमार साहू सहित शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले अन्य दो बूथ लेवल अधिकारी भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि आयोग के निर्देशानुसार पन्ना जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र के वितरण और डिजिटाईजेशन का कार्य संपादित किया जा रहा है। जिले में अब तक लगभग 53 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

# महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई

नौगांव।

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के ऐतिहासिक अवसर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाते हुए, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



नगर की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्राचार्य धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं और नागरिकों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, बलिदान और जनजातीय संस्कृति के समृद्ध इतिहास से अवगत कराना तथा राष्ट्रीय चेतना को जागृत करना था। प्रतियोगिता में भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन, 'उलगुलान' आंदोलन, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान और देश की विविध जनजातीय संस्कृति पर आधारित प्रश्न शामिल थे आशुतोष गुप्ता ने बताया की इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें स्कूल के छात्रों में विशेष उत्साह दिखा। कार्यक्रम के दौरान व, जिला खेलो भारत प्रमुख आशुतोष गुप्ता, इकाई मंत्री कृतिका रैकवार एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### झलकारी बाई जयंती पर कोरी समाज की भव्य रैली, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार हुए सम्मिलित



छतरपुर। शनिवार को समस्त कोरी समाज द्वारा वीरांगना झलकारी बाई जी की जयंती पर भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में मध्य प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार विशेष रूप से शामिल हुए। रैली की शुरुआत शहर के सौरा रोड से हुई, जो बस स्टैंड, चौक बाजार और संकट मोचन मंदिर मार्ग से गुजरते हुए सिंगारी नदी पर स्थित कबीर आश्रम पहुंची। यहां रैली का समापन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, युवाओं और महिलाओं की उपस्थिति रही। यह रैली सामाजिक एकता, मातृशक्ति और वीरांगना झलकारी बाई के अदम्य साहस को समर्पित रही।

### ट्रक ने पिकअप में मारी टक्कर, पिकअप चालक की मौत



बमीठा। राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर कदारी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक धनीराम उर्फ बंदी कुशवाहा (50 वर्ष), निवासी राजापुरवा, गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना शुक्रवार रात लगभग सात बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई।

### पुलिस ने धोखाधड़ी प्रकरण में फरार 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

छतरपुर। थाना सिविल लाइन पुलिस ने न्याय पथ अभियान के तहत वर्ष 2023 के प्रकरण- नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपी उमा शर्मा निवासी हमीदपुर जिला अलवर राजस्थान एवं कमलकांत शर्मा निवासी द्वारकापुरम भरत विहार, नॉर्थ एवेन्यू, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया गया।

### रेलवे क्रॉसिंग पर फंसा ट्रक, 5 घंटे तक लगा भीषण जाम

हरपालपुर। नगर के बीच से गुजरने वाले झाँसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 339 पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार सुबह एक ट्रक का एक्सल टूट जाने से करीब 5 घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सुबह 10 बजे शुरू हुई समस्या शाम 4 बजे तक बनी रही, जिससे स्कूली बच्चों, कॉलेज छात्रों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार केबिल तार से लदा ट्रक कानपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक रेलवे क्रॉसिंग पर बने स्पीड ब्रेकर से गुजरा, ओवरलोड होने की वजह से उसका एक्सल टूट गया और ट्रक वहीं फंस गया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम विकराल रूप ले गया। स्थिति ऐसी रही कि बाइक निकालना भी मुश्किल हो गया, जिससे कई छात्रों को परीक्षा देने के लिए पैदल ही रेलवे क्रॉसिंग पार करनी पड़ी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुँची और घंटों की मशक्कत के बाद भी जाम पूरी तरह नहीं खुल पाया। सड़क का एक हिस्सा बंद होने से बार-बार जाम लगता रहा। जाम में स्कूली वैन, एम्बुलेंस और मरीजों को ले जा रहे वाहन भी घंटों फंसे रहे। मिस्त्री को बुलाकर लगभग दोपहर 2 बजे ट्रक का एक्सल बदला गया, जिसके बाद ट्रक को हटाकर सड़क को खाली किया जा सका।जाम की विकराल समस्या का असर पुलिस कामकाज पर भी पड़ा। नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराने पुलिस अस्पताल जा रही थी, लेकिन भारी जाम के चलते पुलिस वाहन भी आगे नहीं बढ़ सका। बाध्य होकर पुलिस टीम दोनों आरोपियों को पैदल ही अस्पताल लेकर पहुँची। मेडिकल परीक्षण के बाद पुलिस उन्हें पैदल ही नेहरू गेट तक लाकर नौगांव कोर्ट ले गई। नगर में प्रतिदिन बढ़ रहे जाम से लोग त्रस्त हैं और यह समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। प्रशासनिक समाधान की मांग भी तेज़ हो रही है।

# चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

छतरपुर।

चाकू मारकर हत्या करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट उपेन्द्र प्रताप सिंह के न्यायालय ने आरोपी हरीनारायण साहू को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 4 दिसंबर 2022 को दोपहर लगभग 12 बजे मृतक अखिलेश राज अहिरवार अपने शासकीय आवास (जनपद पंचायत कॉलोनी, बिजावर) के दरवाजे पर बैठकर अपने बच्चे का क्रिकेट बल्ला सुधार रहा था। तभी आरोपी वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश के कारण विवाद करते हुए गालियां देने लगा। मना करने पर आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से मृतक के पेट में वार कर दिया। बीच-बचाव करने आई मृतक की पत्नी उमा अहिरवार भी चाकू लगने से घायल हुई। चीख-पुकार सुनकर ठेकेदार नितिन रावत, राहुल सोनी और सुल्लू अहिरवार मौके पर पहुंचे और उन्होंने आरोपी को मृतक पर हमला करते देखा। उन्होंने दोनों को बचाते हुए अस्पताल पहुँचाया, जहाँ मृतक के बयान पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। इलाज के दौरान अखिलेश को बिजावर, छतरपुर और फिर झांसी रेफर किया गया। 15 दिसंबर 2022 को छुट्टी मिलने के बाद घर लौटते समय उसकी तबीयत बिगड़ी और झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की विवेचना निरीक्षक संदीप दीक्षित द्वारा की गई। अभियोजन की ओर से प्रभारी उपनिदेशक प्रवेश कुमार अहिरवार ने प्रभावी पैरवी की। विशेष न्यायालय एससी-एसटी एक्ट ने आरोपी हरीनारायण साहू को धारा 302 भादवि - आजीवन कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड, धारा 324 भादवि - 6 माह सश्रम कारावास एवं 200 रुपये अर्थदंड, धारा 506 भाग-2 भादवि - 6 माह सश्रम कारावास एवं 200 रुपये अर्थदंड, एससी-एसटी एक्ट धारा 3(2)(व्ही) - आजीवन कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड, धारा 3(1)(एफ), 3(1)(एस), 3(2)(व्ही-एस) - 6-6 माह सश्रम कारावास एवं 200-200 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने सभी आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को दंडित किया है।

## गुमशुदगी के दूसरे दिन मिला 5 वर्षीय अंश का शव

# कुआं में डूबने से मासूम की दर्दनाक मौत

बड़ामलहरा।



थाना क्षेत्र बड़ा मलहरा से लगभग पाँच किलोमीटर दूर स्थित महाराजगंज गांव में शुक्रवार को लापता हुए 5 वर्षीय मासूम अंश अहिरवार का शव शनिवार सुबह खेत के कुएं में तैरता हुआ मिला। मासूम की मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार अंश अहिरवार पिता कालीचरण अहिरवार शुक्रवार दोपहर अचानक घर से लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो परिजन द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सूचना मिलते ही बड़ामलहरा थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तलाश शुरू की। शनिवार सुबह जब ग्रामीण कुएं में उतरकर तलाश कर रहे थे, तभी अचानक पानी में लाश तैरती दिखाई दी। तत्काल शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को बड़ा मलहरा सिविल अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार अंश का परिवार खेत पर बने मकान में ही रहता था और कुआं घर के बिल्कुल नजदीक है। प्रारंभिक अनुमान है कि खेलते-खेलते मासूम कुएं के पास पहुंच गया होगा और हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव में मासूम की दर्दनाक मौत से गमगीन माहौल बना हुआ है।

# रातों-रात बिना रोलर डाला डामर: हरपालपुर में ऊबड़-खाबड़ पेंचवर्क से राहगीर परेशान, दुर्घटनाओं का बढ़ा खतरा

हरपालपुर।



नगर में लोकनिर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे पेंचवर्क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गुरुवार देर रात ठेकेदार द्वारा बिना रोलर चलाए डामर डालकर सड़क को टीले-टीले छोड़ दिया गया। मिट्टी से भरे गड्ढों पर सीधे मटेरियल उड़ेल देने से सड़क अब पहले से अधिक ऊबड़-खाबड़ हो गई है, जिससे राहगीरों का निकलना मुश्किल हो रहा है और दुर्घटना का अंदेशा बढ़ गया है। शहर सहित हरपालपुर-अलीपुरा मार्ग पर किए गए इस पेंचवर्क में न तो गड्ढों की सफाई की गई और न ही नियमों के अनुसार रोलिंग की गई। गिट्टी और डामर को दबाने की जिम्मेदारी अब वाहन चालकों के पहियों पर छोड़ दी गई है। इस कारण सड़क पर चलने वाले बाइक, कार और पैदल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेंचवर्क के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है और शासकीय राशि की भारी अनदेखी हो रही है। बिना रोलिंग किए डामर सड़क पर लंबे समय तक टिक नहीं सकता, जिससे यह पेंचवर्क कुछ ही दिनों में उखडऩे की आशंका बढ़ गई है। जब इस मामले में लोकनिर्माण विभाग नौगांव के एसडीओ शिवम मिश्रा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि— "दुबारा पेंचवर्क के लिए टेंडर लगाया जा रहा है।" लेकिन सवाल यह है कि रातों-रात किए गए इस घटिया काम की जिम्मेदारी कौन लेगा?

विशेषज्ञों के अनुसार सड़क निर्माण और पेंचवर्क में रोलिंग अत्यंत आवश्यक होती है। बिना रोलिंग के डामरीकृत सतह मजबूत नहीं बन पाती। लेकिन यहां नियमों की अनदेखी करते हुए सड़क को और अधिक खराब कर दिया गया है। गड्ढे भर जरूर गए, पर अब उन पर से गुजरने वाले वाहनों को कच्ची और असमतल सड़क का अनुभव हो रहा है। नगरवासियों ने मांग की है कि इस लापरवाही पर तुरंत कार्यवाही की जाए और सड़क को मानकों के अनुसार दुरुस्त किया जाए।



### विद्यार्थी परिषद ने बड़ामलहरा में आयोजित की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

बड़ामलहरा। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् इकाई बड़ामलहरा द्वारा एक दिवसीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जनजातीय नायकों के योगदान, इतिहास, संस्कृति तथा सामान्य ज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए तैयार प्रश्नों में इतिहास, संस्कृति, सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक विषयों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल थे। प्रतिभागियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रदर्शन से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी बड़ामलहरा भाग के भाग संयोजक रोहन रावत, सोनू यादव, नितेश यादव, संचिता अवस्थी, रोशनी, बबीता, प्रियंका, स्नेहा, लक्ष्मी, रचना सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा कार्यक्रम को

# जनाज़े से पहले भाजपा पार्षद बिलाल अली गिरफ्तार

### पिता की मौत हत्या या हार्ट अटैक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार

छतरपुर। भाजपा पार्षद बिलाल अली को उनके पिता शाकिर अली की मौत के मामले में शनिवार सुबह जनाज़े की नमाज़ से ठीक पहले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि पार्षद ने 19 तारीख को संकट मोचन चौराहा और अपने निवास पर पिता तथा मां के साथ मारपीट की थी। गंभीर रूप से घायल शाकिर अली को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया था। वहां स्थिति बिगडऩे पर डॉक्टरों ने जवाब दे दिया और उन्हें पुनः छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां 21 तारीख की रात उनकी मौत हो गई। स्थानीय स्तर पर चर्चा थी कि पार्षद द्वारा मारपीट के कारण ही पिता की मौत हुई। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान भी पाए जाने की बात सामने आई, और बताया गया कि पिटाई में इस्तेमाल हुआ डंडा भी टूट गया था। 22 तारीख की सुबह करीब 11 बजे शव को सुपुर्द-ए-ख़ाक करने के लिए कब्रिस्तान ले जाया गया, लेकिन जनाज़े की नमाज़ पढ़ाए जाने से पहले ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पार्षद बिलाल अली को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। गौरतलब है कि मारपीट के समय पिता-पुत्र दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। मृतक की पत्नी ने बयान दिया कि परिवारों में विवाद होना सामान्य है, लेकिन उनके पति पहले से हार्ट के मरीज थे और उन्हें हार्टअटैक आया था, जिसके बाद ग्वालियर ले जाया गया। वहीं बेटी सफीना बानो ने कहा कि परिवार में किसी तरह का गंभीर विवाद नहीं था, पिता को पहले भी दिल का दौरा पड़ चुका था और इस बार भी अटैक आने से उनकी मौत हुई। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार है, जो यह स्पष्ट करेगी कि मौत का कारण हार्टअटैक था या कथित मारपीट के चलते हुई हत्या। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जिला पंचायत सीईओ ने सचिव ग्राम पंचायत नेहरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया

### वसूली की राशि कैशबुक में दर्ज नहीं करने, राशि का गबन करने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के ग्रुप में अमर्यादित मैसेज लिखने पर हुई कार्यवाही

छतरपुर। जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने सचिव ग्राम पंचायत नेहरा को वसूली की राशि कैशबुक में दर्ज नहीं करने, राशि का गवन करने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के ग्रुप में अमर्यादित मैसेज लिखने पर जनपद पंचायत के प्रतिवेदन पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौरिहार के पत्र दिनांक 21 नवंबर 2025 के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि सोहनलाल भुर्जी तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत ठकुर्रा एवं वर्तमान पदस्थी ग्राम पंचायत नेहरा के द्वारा तत्कालीन सचिव एवं सरपंच ग्राम पंचायत ठकुर्रा के विरूद्ध अधिरोपित वसूली राशि 40000 रूपये जो नाथूराम पाल द्वारा तहसीलदार कार्यालय में जमा की गई थी, तहसीलदार गौरिहार के द्वारा यह राशि तत्कालीन सचिव ठकुर्रा को सौंप दी थी। जिसकी रसीद 29 मई 2015 को जारी हुई थी। ग्राम पंचायत ठकुर्रा के तत्कालीन सचिव सोहनलाल भुर्जी के द्वारा यह राशि न तो कैशबुक में दर्ज की गई न ही उसका कोई ब्यौरा दिया गया। श्री भुर्जी को उक्त संबंध में पत्र जारी कर जवाब चाहा गया तो जवाब न देकर कार्यालयीन ग्रुप पर वरिष्ठ अधिकारियों को असभ्य, अमर्यादित मैसेज लिखे गए। जिससे श्री भुर्जी द्वारा राशि का गवन करने एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करने से अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है।जिला पंचायत सीईओ ने उक्त सचिव ग्राम पंचायत नेहरा जनपद पंचायत गौरिहार का उक्त कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998, के तहत कदाचरण की श्रेणी में मानकर उक्त कदाचार के कारण म.प्र.पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के तहत निलंबित कर दिया है। इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत गौरिहार नियत किया गए है। निलंबन अवधि में म.प्र. मूलभूत नियम 53 के अनुसार नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# महान वही जिसने समय की सहभागिता समझी

### बागेश्वर महाराज ने साधकों से कहा, व्यस्त रहो लेकिन मस्त रहना भी जरूरी

छतरपुर।



तीन दिवसीय ऊर्जा संचय समागम के दूसरे दिन बागेश्वर महाराज ने सभी साधकों से कहा कि जिसने समय की सहभागिता समझी वही जीवन में महान बना है। भाग दौड़ वाली जिंदगी के साथ कुछ मस्ती भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय का संतुलन बनाकर चलना चाहिए। ऊर्जा संचय समागम के दूसरे दिन बागेश्वर महाराज ने कहा कि 24 घंटे के समय को तीन भागों में बनता जा सकता है। 8 घंटे परिवार की आजीविका के लिए, 8 घंटे समाज सेवा के लिए और 8 घंटे स्वयं के लिए खर्च करने से यह जीवन आनंदमय हो जाता है। आजीविका के बाद शेष 16 घंटों में से 8 घंटे दूसरों की भलाई, सेवा सदाचार, साधु संत सेवा, देश सेवा और गौ सेवा में लगाना चाहिए। शेष 8 घंटे मनोरंजन, खेलकूद, परिवार के साथ समय बिताना, मित्रों से मिलने, नींद लेने में खर्च करना चाहिए। देश विदेश से आए साधकों से महाराज श्री ने कहा कि भारत में शरीर विषहरण तो सुना होगा लेकिन हम यहां मस्तिष्क विषहरण करा रहे हैं। यह प्रक्रिया विश्व भर में न केवल कारगर सिद्ध होगी बल्कि लोग इसका अनुशरण करेंगे। महाराज श्री ने कहा कि लय से विलय की यात्रा ही परमात्मा को समझने, जानने और प्राप्त करने का मार्ग है। जीवन को लयबद्ध करिए ताकि इससे संगीत स्वर निकले शोर नहीं।



### रात्रि में भजनों की प्रस्तुति ने बढ़ाया साधकों में उत्साह

कहते हैं स्वर में ईश्वर होता है। जब लयबद्ध स्वर में कोई भजन गाया जाता है तो मन अनायास झूम कर भजन में खो जाता है। रात्रि में लवकुश नगर शिष्य मंडल के प्रसिद्ध कीर्तनकार दादा मातादीन विश्वकर्मा और उनके साथियों की भजनों की जो प्रस्तुति हुई वह भावविभोर करने वाली रही। एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देर रात तक चलती रहीं। साधकों के अलावा अन्य लोगों ने भी भजनों की प्रस्तुतियों का आनंद उठाया।

### पुलिस पर महिलाओं से मारपीट के आरोप, वीडियो वायरल, एसपी ने दिए जांच के आदेश

छतरपुर। नौगांव थाना क्षेत्र की लुगासी चौकी पुलिस पर गुंडागर्दी और अमानवीय व्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं। चौकी में पदस्थ आरक्षक महेंद्र नायक का महिलाओं पर बलप्रयोग करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची तो एसपी अगम जैन ने तत्काल वीडियो देखकर जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व लुगासी में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें एक पक्ष के करीब 13 लोगों ने घर में घुसकर हमला किया। इस घटना में पुरुषोत्तम, हीरालाल, मंगल राजपूत सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। मंगल सिंह के सिर में गंभीर चोट आने से डॉक्टरों ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया था। फिलहाल उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं बताई जा रही है। घटना के बाद चौकी प्रभारी ओशो गुप्ता ने बयान के बहाने पीड़ित पक्ष के पुरुषोत्तम, हीरालाल और मंगल राजपूत को चौकी बुलाया। चार दिन तक लगातार बयान के नाम पर इन्हें बुलाया गया, लेकिन केवल कोरे कागज पर हस्ताक्षर ही कराए गए। इसी बीच इनके घर से फोन आया कि विरोधी पक्ष छोटे लड़के को मारने के लिए हथियार लेकर निकल गया है। जब इसकी सूचना महेंद्र नायक को दी गई, तो उसने कहा क्या हम तुम्हारे लिए गार्ड लगाएँ? थोड़ी ही देर बाद महेंद्र नायक 112 वाहन के साथ मौके पर पहुंच गया और वहां मौजूद महिलाओं को मारते-घसीटते हुए गाड़ी में बैठाने लगा। आरोप है कि उसने किसी को लात मारी, तो किसी के सीने पर हाथ मारा। महिलाओं को बिना महिला पुलिसकर्मी के गाड़ी में बैठाकर चौकी ले जाया गया। नौगांव थाना प्रभारी की दखल पर बाद में महिलाओं को छोड़ा गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष पर 151 की कार्यवाही कर रातभर थाने में बैठाए रखा गया। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत एसपी अगम जैन से की, जिसके बाद वायरल वीडियो और आरोपों के आधार पर जांच के आदेश दे दिए गए हैं। आरोप यह भी है कि महेंद्र नायक ने पुरुषोत्तम के मोबाइल में मौजूद पूरे साक्ष्यों को मिटाने के लिए उसका फोन रीसेट कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन आज

**मऊगंज।** 23 नवंबर 2025 को साहित्य और समाज के संयुक्त प्रयासों से एक भव्य साहित्यिक उत्सव आयोजित होने जा रहा है, जिसमें पुस्तक विमोचन, साहित्यिक समीक्षा और कवि सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम एक ही मंच पर संपन्न होंगे। आयोजन का दायित्व अधिवक्ता संघ मऊगंज, जनभागीदारी समिति शहीद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज तथा जिला व्यापारी संघ मऊगंज ने संयुक्त रूप से संभाला है तथा संयोजन का दायित्व साहित्यिक चौपाल समिति ने संभाला है।यह पहली बार है जब मऊगंज में इतनी बड़ी स्तर पर विभिन्न संस्थाओं की एक साथ सहभागिता देखने को मिल रही है, जिसके कारण क्षेत्र में साहित्यिक उत्साह चरम पर है। इस गरिमामय समारोह का मुख्य आकर्षण होगा साहित्यकार सुश्री सुष्मिता द्विवेदी 'शिखा' की चर्चित कृति *"सूनी आंखें बोलती हैं मेरी"* का औपचारिक विमोचन। इस पुस्तक को लेकर साहित्यिक जगत में पहले से ही उत्सुकता बनी हुई है, और मऊगंज के साहित्य प्रेमी इसके विमोचन के गवाह बनेंगे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद माननीय जनार्दन मिश्रा उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मऊगंज क्षेत्र के विधायक माननीय प्रदीप पटेल करेंगे। दोनों जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान करेगी और आगामी समय में मऊगंज को साहित्यिक पहचान दिलाने में सहायक होगी। साहित्यिक समारोह का आयोजन स्थल शहीद स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर निर्धारित किया गया है, जहाँ सुबह 10 बजे से साहित्य प्रेमियों का जुटान शुरू होगा। परिसर में कार्यक्रम के अनुरूप भव्य मंच सजाया जा रहा है, जिसमें वरिष्ठ साहित्यकारों, शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के बड़ी संख्या में उपस्थित होने की उम्मीद है। पुस्तक विमोचन के बाद साहित्यिक चौपाल समिति मऊगंज द्वारा कृति की समीक्षा प्रस्तुत की जाएगी। इसके उपरांत कवि सम्मेलन की शुरुआत होगी, जिसमें स्थानीय और क्षेत्रीय कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्यिक वातावरण को जीवंत करेंगे। आयोजन से जुड़े पदाधिकारी—अधिवक्ता संघ मऊगंज एवं जिला व्यापारी संघ मऊगंज के प्रतिनिधि—कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार तैयारी में जुटे हुए हैं। 23 नवंबर का यह दिन मऊगंज के साहित्यिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण पन्ना जोड़ने जा रहा है, क्योंकि पहली बार शहर में साहित्य, संस्कृति और समाज का इतना व्यापक संगम देखने को मिलेगा। स्थानीय नागरिक इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित हैं और इसे साहित्यिक समृद्धि का उत्सव मान रहे हैं।

### कलेक्टर ने दो प्राचार्यों को दिया नोटिस

**रीवा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर दो प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस दिया है। कलेक्टर ने प्रभारी प्राचार्य शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रघुनाथगंज रमाशंकर वर्मा तथा प्राचार्य शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल माडौ शंखराज सिंह को कारण बताओ नोटिस दिया है। इन दोनों प्राचार्यों की डूटी गणना पत्रक डिजिटाइजेशन कार्य में बीएलओ पर्वेक्षक के रूप में लगाई गयी है। इनके अधीन मतदान केन्द्रों में डिजिटाइजेशन की प्रगति कम होने तथा 21 नवम्बर को कलेक्ट्रेट में बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है। यह नोटिस मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत दिया गया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### गणना पत्रक का कार्य अधिकारी व प्रभारी अधिकारी लगातार कर रहे हैं मानीटरिंग

**रीवा ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत प्रत्येक मतदाता से गणना पत्रक में जानकारी प्राप्त कर उसका डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर सेक्टर अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम लगातार भ्रमण कर एसआईआर कार्य की मानीटरिंग कर रहे हैं तथा बीएलओ को डिजिटाइजेशन कार्य में आ रही कठिनाईयों को भी दूर करा रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिये थे कि बीएलओ तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के लिए अन्य कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लें। कलेक्टर के निर्देश पर गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का कार्य जिले में तेजी से किया जा रहा है तथा नियत समय से पूर्व कार्य को शत प्रतिशत पूरा करा लिया जायेगा।

# हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार: लौरी गांव में तनाव के हालात, मारपीट के दौरान घायल की मौत का मामला

मारपीट में घायल एक व्यक्ति की मौत के बाद गांव में तनाव का वातावरण बना हुआ है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अन्य आरोपियों पुलिस की तलाश कर रही है। गढ़ थाने के लौरी गांव निवासी छोटेलाल सिंह का अपने परिवार के साथ ही जमीनी विवाद चलता था।




**रीवा।**

बुधवार को आरोपियों ने पीड़ित परिवार पर हमला कर दिया, जिसमे छोटेलाल सिंह सहित तीन लोग घायल हो गए। उनको पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। गंभीर रूप से घायल छोटेलाल सिंह की गुरुवार की शाम मौत हो गई। इस घटना के बाद से गांव में तनाव बना हुआ है। वारदात के दो आरोपी जबर सिंह, रामपाल उर्फ धनेद्र सिंह को पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया जो बाहर भागने की फिराक में था। घटना में शामिल दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। शुक्रवार को अस्पताल में पंचनामा के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। शव गांव पहुंचा, जिसके बाद तनाव का वातावरण बन गया। एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है, जिसने दोनों पक्षों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।पूर्व में भी हत्यादोनों पक्षों के बीच जमीन विवाद काफी पुराना है। उनके बीच पहले भी कई बार मारपीट हो चुकी है। आरोपियों के पक्ष के एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जिस पर पीड़ित पर पक्ष पर हत्या का मामला दर्ज हुआ था। इसके अलावा कई बार उनके बीच मारपीट हुई, जिसके मामले थाने में दर्ज हैं। इस विवाद से अभी तक दो जिंदगियां काल के गाल में समा गई हैं।

### सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, 75 हजार रुपए सहित लाखों के आभूषण चोरी

## विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के अनंतपुर की घटना



**रीवा ।** शहर कोविश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनंतपुर में सूने मकान में चोरों ने धावा बोला और अंदर रखे 75 हजार रुपए नकद व लाखों के सोने चांदी के आभूषण पार कर दिया। घटना की शिकायत पीड़ित ने विश्वविद्यालय थाना में दर्ज करवाई है। अनंतपुर निवासी संजीव तिवारी पिता चंद्रशेखर तिवारी के घर को चोरों ने निशाना बनाया है। बताया गया कि परिवार के लोग 18 नवंबर को अपने गृह ग्राम तिवनी तिलकोत्सव कार्यक्रम में गए थे। जब वो 20 नवंबर को लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। मुख्य दरवाजे के गेट को तोड़कर बदमाश घर के अंदर दाखिल हुए बड़े ही आराम से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि बक्शे में रखा 75 हजार कैश और करीब 6 लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण आरोपी लेकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि अज्ञात चोरो ने पूरे घर का सामान तितर बितर करते हुए बक्शा का ताला तोड़ा और उसमे रखा सोने के चेन, 2 नग अंगूठी, झुमका, टप्स सहित चांदी के जेवर व सिक्का सहित 75 हजार रुपए चुरा ले गए फिलहाल विश्वविद्यालय पुलिस अब आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।



### आयुक्त नगर निगम ने एसआईआर कार्य में सहयोग के लिए पार्षदों से की अपील

**रीवा।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। मतदाता के सत्यापन के गणना पत्रक का शत प्रतिशत वितरण कर दिया गया है। अब सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर संकलित करते हुए डिजिटाइजेशन का कार्य कर रहे हैं। आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने नगर निगम के सभागार में शहर के वार्ड पार्षदों की बैठक में अपेक्षा की कि सभी एसआईआर कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में गणना पत्रक प्रदान किये गये हैं। अधिकांश मतदाताओं ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची के अनुसार स्वयं की तथा माता-पिता की जानकारी उपलब्ध करा दी है। शेष मतदाता भरे हुए गणना पत्रक को बीएलओ को प्रदान करें। इसके लिए वार्ड पार्षदों से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से राष्ट्रीय महत्व के इस कार्यक्रम को समय सीमा में पूरा किया जा सकता है। उन्होंने पार्षदों से अपेक्षा की कि मतदाता निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग कर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक में एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी सहित नगर निगम क्षेत्र के सभी पार्षद उपस्थित रहे।

### चिक ने श्वेता तिवारी संग लॉन्च किया "10 ऑन 10 हेयर कलर" कैंपेन

**सिर्फ 10 मिनट में दे चमकदार हेयर कलर, कीमत मात्र 10**

**रीवा।** केविनकेयर के लोकप्रिय हेयर-केयर ब्रांड चिक ने क्रेम कैटेगरी में प्रवेश करते हुए नया टीवी कैंपेन "10 ऑन 10 हेयर कलर" लॉन्च किया है। इस अभियान में टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। 30 सेकंड के इस टीवीसी में चिक क्विक क्रेम के 10 मिनट में आकर्षक हेयर कलर देने का वादा दिखाया गया है। कैंपेन उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हिंदी में प्रसारित होगा तथा यूट्यूब पर भी उपलब्ध है।

फिल्म में श्वेता तिवारी अपने दोस्तों को अचानक प्लान में शामिल होने के लिए मनाते हुए दिखती हैं, जहाँ ग्रे हेयर की वजह से उनके दोस्त असहज महसूस करते हैं। श्वेता उन्हें नई चिक क्विक क्रेम का आसान, सिंगल-यूज़ समाधान बताती हैं—जो आंवला और भृंगराज के गुणों के साथ सिर्फ 10 में 10 मिनट में असर दिखाता है।

# प्रमुख सचिव पशुपालन ने पशु चिकित्सालय एवं कृत्रिम गर्भधान केन्द्र का किया निरीक्षण

**रीवा।**

प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव ने आज रीवा जिले के विभिन्न पशु चिकित्सालयों एवं अन्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संभागीय पशु चिकित्सालय, रोग अन्वेषण प्रयोगशाला तथा कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। प्रमुख सचिव ने सिरखिनी ग्राम पंचायत के पशुपालक के यहां कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न वत्सों का निरीक्षण कर सेक्स सार्टेड सीमन के और अधिक असरकारक परिणाम के लिए पशु चिकित्सकों को निर्देशित किया। उन्होंने रायपुर कर्चुलियान में नवीन पशु चिकित्सालय के निर्माण कार्य में



लापरवाही बरतने वाली एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए अधिक से अधिक प्रयास किये जाय तथा पशुपालकों को उन्नत नश्ल के पशुओं को पालने तथा दुग्ध वृद्धि के लिए जागरूक करने के भी निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. डी.एस. बघेल, उप संचालक डॉ. डीपी सिंह, डॉ. अनवर, डॉ. योगेन्द्र, डॉ. बीबी सिंह एवं डॉ. जेपी त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पटवारी व सर्वेयर को रिश्वत लेते लोकयुक्त ने किया ट्रेप



**रीवा।**

जिले में भ्रष्ट्राचार हो रहे भ्रष्टाचार पर लगाम नही लग पा रही है खास तौर राजस्व विभाग में आए दिन हो रही लोक्तायुक्त की कार्यवाही के बाद भी राजस्व अमला खुले आम घूस ले रहा है। ऐसा ही एक मामले में लोकायुक्त की टीम ने नक्शा तरमीम और नामांतरण कार्य के लिए मांगी रकम की मांग करने वाले पटवारी और सर्वेयर रिश्वत लेते घर दबोचा है। की गपटवारी व सर्वेयर को रिश्वत लेते लोकयुक्त ने किया ट्रेप

रीवा। जिले में भ्रष्ट्राचार हो रहे भ्रष्टाचार पर लगाम नही लग पा रही है खास तौर राजस्व विभाग में आए दिन हो रही लोक्तायुक्त की कार्यवाही के बाद भी राजस्व अमला खुले आम घूस ले रहा है। ऐसा ही एक मामले में लोकायुक्त की टीम ने नक्शा तरमीम और नामांतरण कार्य के लिए मांगी रकम की मांग करने वाले पटवारी और सर्वेयर रिश्वत लेते घर दबोचा है। की गइग इस कार्यवाही के बाद हड़कंप मचा हुआ है। नक्शा तरमीम और नामांतरण कार्य के लिए रिश्वत की मांग किए जाने की शिकायत पर लोकायुक्त रीवा संभाग की टीम ने रीवा जिले के बड़ोखर हल्का हंसराज पटेल और सर्वेयर आशुतोष त्रिपाठी को 4800 रुपए रिश्वत लेते हंसराज पटेल और सर्वेयर आशुतोष त्रिपाठी को 4800 रुपए रिश्वत लेते ट्रैप किया है। यह कार्रवाई राजेंद्र साहू निवासी ग्राम बड़ोखर थाना गढ़ जिला रीवा की शिकायत पर की गई है। लोकायुक्त एसपी सुनील कुमार पाटीदार ने बताया कि शिकायकर्ता ने अपनी पत्नी के नाम 0.091 हेक्टेयर भूमि क्रय की थी। इस भूमि के नक्शा तरमीम एवं नामांतरण कार्य के लिए पटवारी द्वारा 6000 रुपए मांगे जा रहे थे। इसकी शिकायत प्राप्त होने पर सत्यापन कराया गया। शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई। शुक्रवार को बड़ोखर गांव में एक घर के सामने आरोपी पटवारी एवं सर्वेयर को शिकायतकर्ता से 4800 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। इस कार्रवाई के ट्रेपकर्ता अधिकारी निरीक्षक एस राम मरावी रहे ।

पटवारी एवं सर्वेयर को शिकायतकर्ता से 4800 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। इस कार्रवाई के ट्रेपकर्ता अधिकारी निरीक्षक एस राम मरावी रहे ।इग इस कार्यवाही के बाद हड़कंप मचा हुआ है। नक्शा तरमीम और नामांतरण कार्य के लिए रिश्वत की मांग किए जाने की शिकायत पर लोकायुक्त रीवा संभाग की टीम ने रीवा जिले के बड़ोखर हल्का हंसराज पटेल और सर्वेयर आशुतोष त्रिपाठी को 4800 रुपए रिश्वत लेते हंसराज पटेल और सर्वेयर आशुतोष त्रिपाठी को 4800 रुपए रिश्वत लेते ट्रैप किया है। यह कार्रवाई राजेंद्र साहू निवासी ग्राम बड़ोखर थाना गढ़ जिला रीवा की शिकायत पर की गई है। लोकायुक्त एसपी सुनील कुमार पाटीदार ने बताया कि शिकायकर्ता ने अपनी पत्नी के नाम 0.091 हेक्टेयर भूमि क्रय की थी। इस भूमि के नक्शा तरमीम एवं नामांतरण कार्य के लिए पटवारी द्वारा 6000 रुपए मांगे जा रहे थे। इसकी शिकायत प्राप्त होने पर सत्यापन कराया गया। शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई। शुक्रवार को बड़ोखर गांव में एक घर के सामने आरोपी पटवारी एवं सर्वेयर को शिकायतकर्ता से 4800 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। इस कार्रवाई के ट्रेपकर्ता अधिकारी निरीक्षक एस राम मरावी रहे ।

# जिले में अब तक 759470 मतदाताओं के गणना पत्रक हुए डिजिटलाइज्ड



### जिले में अब तक हुआ 54.61 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइजेशन

**रीवा।**

रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। मतदाता के सत्यापन के लिए गणना पत्रक का शत-प्रतिशत वितरण कर दिया गया है। अब सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर उसे संकलित कर रहे हैं। कई बीएलओ ने अपने सभी मतदाताओं के गणना पत्रक संकलित करके शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है। अन्य बीएलओ गणना पत्रक संकलित करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज कर रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 22 नवम्बर को शाम 5 बजे तक मतदाताओं से 759470 गणना पत्रक प्राप्त कर इसे डिजिटाइज कर लिया गया है। यह कुल लक्ष्य का 54.61 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में लक्ष्य का 58.81 प्रतिशत, सेमरिया में 58.66 प्रतिशत, त्योंथर में 55.79 प्रतिशत, मनगवां में 50.75 प्रतिशत, रीवा में 50.06 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 54.10 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। जिले के 20 बीएलओ ने डिजिटाइजेशन का शत प्रतिशत लक्ष्य समय से पहले पूरा कर लिया गया है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक संकलित कर रहे हैं। अब तक विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 128401, मनगवां में 127987, रीवा में 113641, सेमरिया में 134124, सिरमौर में 132150 तथा विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में 123167 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं। सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक भरवाने और संकलित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिले भर में गणना पत्रक भरवाने के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं।

### गणना पत्रक डिजिटाइजेशन में 7 बीएलओ ने सौ प्रतिशत लक्ष्य किया पूरा

**रीवा ।** जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षणक का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा के निर्देशन में जिले में बीएलओ द्वारा लगातार डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। आज भी कई बीएलओ ने सौ प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया। कलेक्टर ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के कठिन परिश्रम एवं लगातार प्रयास से ही समय से पूर्व डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया है। सही रणनीति, अच्छी तैयारी और अच्छे प्रयासों से ही यह सफलता मिली है। मतदान केन्द्र क्रमांक 48 दोंदर के बीएलओ राजनारायण मिश्र, गुढ़ के बीएलओ वीरेश पाण्डेय, मतदान केन्द्र क्रमांक 83 के बीएलओ रमाकांत साकेत, मतदान केन्द्र क्रमांक 144 के बीएलओ जयप्रकाश मिश्रा, मतदान केन्द्र क्रमांक 63 के बीएलओ श्रीनारायण स्वामी, मतदान केन्द्र क्रमांक 213 के बीएलओ नाथूराम मिश्रा, मतदान केन्द्र क्रमांक 187 के बीएलओ शिवेन्द्र त्रिपाठी, मतदान केन्द्र क्रमांक 54 के बीएलओ सुरेश प्रसाद शुक्ला ने मतदाताओं के गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का सौ प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है।

# मऊगंज जिले में 243328 मतदाताओं के गणना पत्रक हुए डिजिटाइज्ड

**मऊगंज**

र्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करके जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। जिले में 22 नवम्बर को शाम 5 बजे तक 2 लाख 43 हजार 328 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में कुल चार लाख 79 हजार 769 मतदाता दर्ज हैं। इन सभी को गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है। अब तक विधानसभा क्षेत्र




मऊगंज में 118694 तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 124634 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। गणना पत्रक के डिजिटाईजेशन के लिए शहरी क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं। बीएलओ को सहयोग देने के लिए ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता को तैनात किया गया है। डिजिटाइजेशन में सहयोग के लिए जनपद पंचायत में तकनीकी टीम तैनात है। सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा सेक्टर आफीसर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। आयोग द्वारा तय की समय सीमा से पहले ही डिजिटाइजेशन का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाएगा।